उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 25.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 26.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह मौजूद रही।






## 'मिशन शक्ति' फेज-5.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु किया गया जागरुक-





उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज- 5.0 के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में आज दिनांक- 26.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गाँवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन **1090,** महिला हेल्पलाइन **181,** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन **1076,** पुलिस आपातकालीन सेवा **112,** चाइल्ड हेल्पलाइन **1098,** स्वास्थ्य सेवा **102** एम्बुलेंस सेवा **108** व साइबर हेल्पलाइन **1930** तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए **24** घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं साथ ही साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-**1930** की जानकारी देकर किया गया जागरुक।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना समाधान दिवस के अवसर पर सुनी गयी फरियादियों की समस्यायें, प्राप्त हुयी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने हेतु सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 26.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा थाना महोबकंठ में उपस्थित रहकर थाना समाधान दिवस के अवसर पर क्षेत्र से आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया, इस दौरान सम्बन्धित राजस्व एवं पुलिस अधि./कर्म. की मौजूदगी में जनसमस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया जिसके क्रम में फरियादियों को आश्वस्त कर उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किये जाने हेतु मौजूद राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनपद महोबा के सम्पूर्ण थानों में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस के अवसर पर कुल शिकातयें **70** प्राप्त हुई जिनमें से **58** राजस्व विभाग से सम्बन्धित थी व **12** शिकायतें पुलिस विभाग से सम्बन्धित थी, कुल प्राप्त शिकायतों में **05** शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के सम्बन्ध में संबंधित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) श्री राम प्रकाश के साथ संयुक्त रुप से थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना पनवाड़ी में मौजूद रहकर जनसमस्याओं को सुना गया जनपदीय पुलिस व प्रशासन के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल / थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया है।








उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 25.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री विनोद कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 राधेश्याम सिंह मय हमराह कर्मियों के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर सुरहा ग्योडी चौराहा बह्द ग्राम ग्योडी के पास से एक नफर अभियुक्त राजा सिंह पुत्र हीरा सिंह उम्र करीब 53 वर्ष नि0 ग्राम चिचारा थाना खन्ना जनपद महोबा को हिरासत में लिया गया जिसके कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामदगी पर गिरफ्तार किया गया । बाद बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर 162/2024 धारा 3/25 **A ACT** पंजीकृत कर जेल भेजा गया ।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

राजा सिंह पुत्र हीरा सिंह उम्र करीब 53 वर्ष नि0 ग्राम चिचारा थाना खन्ना जनपद महोबा

### बरामदगी का विवरणः-

01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज।

### गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. उ0नि0 राधेश्याम सिंह
2. उ0नि0 सुनीत कुमार पाण्डेय
3. हे0का0 बृजेन्द्र सिंह भदौरिया
4. का0 हरनाम



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने 28 लीटर अवैध शराब के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर शिवपाल सिंह द्वारा गठित की गई थाना श्रीनगर व आबकारी की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र के कबूतरा डेरा सेलामाफ वहद ग्राम ननौरा से अवैध शराब के साथ 02 नफर अभियुक्तागण क्रमशः 1.मुस्कान पत्नी अक्षय कबूतरा उम्र 25 वर्ष 2.अनसुईया पत्नी नरेन्द्र कबूतरा उम्र 27 वर्ष निवासीगण कबूतरा डेरा सेलामाफ ग्राम ननौरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को दो अदद प्लास्टिक की अलग-अलग पिपियो में क्रमशः 15 ली0 व 13 ली0 कुल 28 लीटर अवैध कच्ची शराब नाजायज के साथ हिरासत में लिया इस दौरान मौके पर दो ड्रमो मे से लगभग 04 क्विंटल बरामद लहन को नष्ट किया गया। बरामद नाजायज शराब के आधार पर अभि0गण के विरूद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु.अ.सं. 235/24 व 236/24 धारा 60 **EX ACT** पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार करने वाली टीम –

1. उ0नि0 रामआसरे सरोज मय हमराह
2. आबकारी निरीक्षक कनीज फातिमा क्षेत्र -1 मय हमराह

### गिरफ्तार अभियुक्त –

1. मुस्कान पत्नी अक्षय कबूतरा उम्र 25 वर्ष
2. अनसुईया पत्नी नरेन्द्र कबूतरा उम्र 27 वर्ष

निवासीगण कबूतरा डेरा सेलामाफ ग्राम ननौरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा

### बरामदगी –

अभियुक्तागण के कब्जे से दो अदद प्लास्टिक की अलग-अलग पिपियो में क्रमशः 15 ली0 व 13 ली0 कुल 28 लीटर अवैध कच्ची शराब नाजायज बरामद होना, एवं मौके पर दो ड्रमो मे से लगभग 400 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया।

